# कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, दक्षिण बैतूल सामान्य वनमंडल (म.प्र.)

पता – कालेज रोड, गांधीनगर वार्ड, बैतूल, जिला बैतूल (म.प्र.) पिन : 460001

E-Mail dfotsbetul@mp.gov.in

Fax & Phone : 07141-234266


क्रमांक/मा.चि./ 507 बैतूल, दिनांक 18/04/2023

प्रति,

अपर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक
(भू–प्रबंध)
सतपुड़ा भवन, भोपाल

विषय :– बैतूल जिले के अन्तर्गत **''मेढ़ा मध्यम परियोजना''** के निर्माण हेतु 20.140 हेक्टेयर वनभूमि जल संसाधन विभाग को उपयोग पर देने बाबत्। (प्रकरण क्र./FP/MP/IRRIG/37074/2018)

संदर्भ:–
1. भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय पश्चिम क्षेत्र भोपाल का पत्र क्र./6–MPR-025/2022–बी.एच.ओ. दिनांक 14.10.2022
2. आपका पृ. पत्र क्र./एफ–3/17/2019/10–11/2/3541 दिनांक 17.10.2022
3. कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग क्रमांक–2 बैतूल का पत्र क्र./207/कार्य/2023 दिनांक 27.01.2023
4. उपवनमंडलाधिकारी आमला (सा.) का पत्र क्र./1768 दिनांक 26.12.2022
5. परिक्षेत्र अधिकारी ताप्ती (सा.) का पत्र क्र./2008 दिनांक 23.12.2022

–00–

विषयान्तर्गत निवेदन है कि प्रकरण में भारत सरकार के संदर्भित पत्र द्वारा अतिरिक्त बिन्दुओं की जानकारी चाही गई है। वनमंडल से संबंधित बिन्दु क्रमांक–01 के संबंध में निवेदन है कि प्रकरण में कक्ष क्रमांक पी–1101 में बांध निर्माण संबंधी गतिविधि एवं सफाई कार्य से वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के उल्लघंन के संबंध में उपवनमंडलाधिकारी आमला (सा.)/परिक्षेत्र अधिकारी ताप्ती (सा.) से प्रतिवेदन प्राप्त किया गया।

उपवनमंडलाधिकारी आमला (सा.)/परिक्षेत्र अधिकारी ताप्ती (सा.) के संदर्भित पत्रों से प्राप्त प्रतिवेदन की छायाप्रति मय सहपत्रों के संलग्न प्रेषित है। जिसके अनुसार आवेदक संस्थान द्वारा वनभूमि पर डेम निर्माण संबंधी कोई गतिविधि एवं साफ–सफाई कार्य नहीं किया जाना प्रतिवेदित किया गया है। जिससे सहमत होकर मय अनुशंसा के प्रतिवेदन अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

वनमंडल से संबंधित बिन्दु क्रमांक–02 के संबंध में निवेदन है कि दक्षिण बैतूल (सा.) वनमंडल की पूर्व से पोर्टल पर अपलोड़ KML फाईल शिफ्टेड (त्रुटिपूर्ण) होने के कारण कार्यालय, अपर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (सूचना प्रौद्योगिकी) सतपुड़ा भवन भोपाल द्वारा वर्ष 2018 में वनमंडल की उपलब्ध कराई गई अपडेटड KML फाईल ई–मेल एवं सॉफ्ट कापी में संलग्न प्रेषित है।

साथ ही भारत सरकार द्वारा चाहे अनुसार जानकारी आवेदक संस्थान द्वारा वेबपोर्टल अपलोड करते हुये हार्ड कापी वनमंडल कार्यालय में प्रस्तुत की है। जिसकी 03 प्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न प्रेषित है।

**संलग्नः– उपरोक्तानुसार।**

(विजयानन्तम टी.आर.)
भा.व.से
**वनमंडलाधिकारी,**
**दक्षिण बैतूल (सा.) वनमंडल**

**पृ.क्रमांक/मा.चि./** **बैतूल, दिनांक /04/2023**

**प्रतिलिपि :–**

1. मुख्य वनसंरक्षक बैतूल वृत्त, बैतूल की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग क्रमांक–2 बैतूल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

**वनमंडलाधिकारी,**
**दक्षिण बैतूल (सा.) वनमंडल**

H:\DM\Draft sudhir\General\DM_Latter(2023).docx